कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

पत्रांक - परीक्षा/गोपनीय/2019/ 3252 दिनांक - 21 सितम्बर, 2019

प्रेस विज्ञप्ति/सूचना

कुमाऊँ विश्वविद्यालय द्वारा माह अक्टूबर, 2019 में निम्नांकित परीक्षायें आयोजित की जानी प्रस्तावित है -

1. सुधार परीक्षा (2019 वार्षिक पद्धति) - वार्षिक मुख्य परीक्षा (स्नातक/स्नातकोत्तर) के विद्यार्थियों हेतु यह परीक्षा आयोजित की जानी है। परीक्षा केवल ऐसे विद्यार्थियों हेतु आयोजित की जा रही है जोकि वार्षिक मुख्य परीक्षा-2019 में सम्मिलित हुए हैं तथा वे सुधार परीक्षा हेतु अर्हता रखते हैं। इस परीक्षा का शुल्क ₹ 400.00 है।

2. पर्यावरण विज्ञान परीक्षा (2019) - वार्षिक मुख्य परीक्षा व सेमेस्टर परीक्षा के विद्यार्थियों हेतु यह परीक्षा आयोजित की जानी है। इस परीक्षा हेतु स्नातक स्तर के सभी कक्षाओं के केवल वे छात्र अर्ह होंगे जिन्होंने कुमाऊँ विश्वविद्यालय से सत्र 2005-2006 के पश्चात् स्नातक कक्षा में प्रवेश लिया हो परन्तु पर्यावरण विज्ञान विषय की परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की है अथवा अनुपस्थित रहे इस परीक्षा का शुल्क ₹ 200.00 है।

3. स्पेशल बैक परीक्षा (2019) - केवल सामान्य पाठ्यक्रम की स्नातकोत्तर कक्षाओं (एम0 ए0, एम0 एस-सी0 तथा एम0 कॉम0) तथा प्रोफेशनल पाठ्यक्रम (बी0 बी0 ए0, बी0 सी0 ए0, बी0 एच0 एम0, एम0 बी0 ए0 तथा बी0 कॉम0 आर्नस) के उन विद्यार्थियों हेतु आयोजित की जा रही है जोकि अन्तिम सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित हो चुके हैं। विगत वर्षों की भाँति इस परीक्षा का शुल्क ₹2000.00 प्रति प्रश्नपत्र है। विद्यार्थी को प्रत्येक सेमेस्टर हेतु परीक्षा आवेदन पत्र तथा परीक्षा शुल्क पृथक से जमा करना होगा।

4. स्नातकोत्तर कक्षाओं हेतु सुधार परीक्षा (2019) -यह परीक्षा केवल स्नातकोत्तर स्तर (एम0 ए0, एम0 एस-सी0 तथा एम0 कॉम0) के ऐसे विद्यार्थियों के लिये आयोजित की जा रही है जिन्होंने तृतीय सेमेस्टर दिसम्बर-2018 व चतुर्थ सेमेस्टर जून-2019 में उत्तीर्ण किया है। इस परीक्षा का शुल्क ₹ 400.00 प्रति सेमेस्टर लिया जाना प्रस्तावित है। **विद्यार्थी प्रत्येक सेमेस्टर में 01 ही प्रश्न पत्र में सुधार परीक्षा दे सकता है।** प्रत्येक सेमेस्टर हेतु परीक्षा आवेदन पत्र तथा परीक्षा शुल्क पृथक से जमा करना होगा।

इन परीक्षाओं का विस्तृत पाठ्यक्रम तथा ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र शीघ्र ही विश्वविद्यालय की वैबसाईट के माध्यम से घोषित किये जायेंगे।

21/09/19
परीक्षा नियन्त्रक

पृष्ठांकन सं0 - परीक्षा/गोपनीय/2019/ 3252 तद्दिनांक

प्रतिलिपि- निम्नांकित समाचार पत्रों के सम्पादकों को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में छात्रहित एवं जनहित में समाचार के रूप में दिनांक - 22 सितम्बर, 2019 को निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें -

1. दैनिक जागरण, नैनीताल।
2. अमर उजाला, नैनीताल।
3. दैनिक आज, नैनीताल।
4. राष्ट्रीय सहारा, नैनीताल।
5. उत्तर उजाला, नैनीताल।
6. शाह टाइम्स, नैनीताल।
7. हिन्दुस्तान, नैनीताल।
8. उत्तरांचल दीप।
9. न्यूज प्रिन्ट, नैनीताल।
10. निदेशक, डी0 आई0 सी0 को विज्ञप्ति को वैबसाईट में अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।
11. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

परीक्षा नियन्त्रक 21/09/19